बरेली, गुरुवार
21 सितंबर, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14

दैनिक जागरण

आल इंडिया सीनियर मेजर रैंकिंग वैडमिंटन प्रतियोगिता छह अक्टूबर से

जासं, बरेली : जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से छह से 12 अक्टूबर से स्पोर्ट्स स्टेडियम और एसआरएमएस स्टेडियम में योनेक्स सनराइज डा. अखिलेश दास गुप्ता स्मारक आल इंडिया सीनियर मेजर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता खेली जाएगी।

एसोसिएशन अध्यक्ष डीपल खट्टर ने बताया कि प्रतियोगिता का क्वालीफाइंग राउंड के मुकाबले छह, सात, आठ अक्टूबर को एसआरएमएस स्टेडियम और स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले जाएंगे। एसोसिएशन के सचिव अनिल मेहरोत्रा ने बताया कि प्रतियोगिता के मुख्य ड्रा के मुकाबले नौ, 10, 11 और 12 अक्टूबर को स्पोर्ट्स स्टेडियम के हाल में होंगे। अंतरराष्ट्रीय नियमों के आधार पर होने वाली प्रतियोगिता में पुरस्कार राशि पांच लाख की रकम रखी गई है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता की तैयारियों को तेजी से अंतिम रूप दिया जा रहा है।